तापमान

अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 0.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 13 जनवरी 2026




12 फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग ...



12 लोग बोले, बीसी बाजार को इंदौर न बनाएं ...






## खबर संक्षेप

### चोरों ने 10 किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** सर्दी बढ़ने के साथ ही ट्यूबवेल से मोटरें चोरी होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में चोरों ने गांव टापू कमालपुर व कलानौर क्षेत्र से एक रात में 10 किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव टापू कमालपुर निवासी बेशेसर नाथ ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जनवरी की शाम को वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गए थे। सुबह जब वह खेतों में गए तो उसे अपने ट्यूबवेल के कमरे की दीवार टूटी मिली। जांच करने पर अंदर से मोटर गायब थी।

### फेक आईडी से फोटो की वायरल, चार पर केस

**यमुनानगर।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने चार युवकों पर इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उसकी तथा उसके परिवार के सदस्यों की फोटो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी फोटो पर अभद्र टिप्पणी की। जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अंबालाः युवती ने फंदे से लटककर दी जान

**अंबाला।** अंबाला कैंट के बोह गांव की अर्चना (22) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब कमरे में जाकर देखा तो युवती का शव फंदे से झूल रहा था। महेश नगर थाना पुलिस ने शव को उतारने के बाद कागजी कार्रवाई कर कैंट के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। युवती लंबे समय से मानसिक तौर पर परेशान चल रही थी। फिलहाल फंदा लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### इलेक्ट्रीशियन पर पंचनुमा हथियार से हमला

**यमुनानगर।** जिले के बूडिया थाना क्षेत्र स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम कर रहे इलेक्ट्रीशियन पर पंचनुमा हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। आरोप फैक्ट्री ठेकेदार अर्जुन व उसके दो अन्य साथियों पर लगा है। आरोपी अर्जुन को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जर्मनी में इंटरनेशनल टेक्सटाइल का भव्य शुभारंभ

विकास चौधरी ▶▶| पानीपत

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर का शुभारंभ हो गया है। वही इस बार 16 जनवरी तक चलने वाले इस इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर को आयोजकों ने हेमटेस्किटल-2026 नाम दिया है। टेक्सटाइल मेला में पानीपत के करीब ढाई सौ एक्सपोर्टर भाग ले रहे हैं। एक्सपोर्टर, मेला में अपने स्टॉल्स लगाकर अपने टेक्सटाइल उत्पादों का प्रदर्शन विदेशी बायर्स के समक्ष करेंगे। स्मरणीय है कि टेक्सटाइल के इस इंटरनेशनल फेयर में पूरी दुनिया के टेक्सटाइल बायर्स भाग लेते हैं और विभिन्न टेक्सटाइल उत्पादों को देखते हैं, माल पसंद आने पर विदेशी

# पानीपत के 250 टेक्सटाइल एक्सपोर्टर ले रहे हैं भाग, यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के बायर्स से टेक्सटाइल उत्पादों के ऑर्डर्स मिलने की संभावना



बायर्स टेक्सटाइल उत्पाद के ऑर्डर खाका तैयार करते हैं। यदि इंपॉर्टेंट और एक्सपोर्टर के बीच टेक्सटाइल उत्पाद पर बात बन जाती है, तो फिर बायर, उसे देश के एक्सपोर्टर के पास जाकर माल की खरीदफिरोख्त की सौदेबाजी का ऑर्डर दे देते हैं।

### भारत की चुनौती चीन, पाक, बांग्लादेश और तुर्की के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर से

वहीं, इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर में भारत के कंपीटीटर देश चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर भी भाग ले रहे हैं। इधर आने की अमेरिका द्वारा भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाने के चलते पानीपत के एक्सपोर्टर्स को अमेरिका से टेक्सटाइल उत्पादन के नामचारे के आर्डर मिलने आशंका सता रही है। स्मरणीय है कि अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से वहां पर टेक्सटाइल उत्पादों की कीमत बढ़ जाती है, ऐसे तनावपूर्ण आर्थिक माहौल में इंपॉर्टेंट और एक्सपोर्टर की सोदेबाजी सीरे नहीं चढ़ पाती। वहीं अमेरिका और भारत के बीच अकेले पानीपत से करीब 10 हजार करोड रुपए का टेक्सटाइल कारोबार होता रहा है। वहीं अमेरिका और भारत के बीच चल रहे आर्थिक तनाव का पूरा फायदा भारत के कंपीटीटर देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की और चीन उठा सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया, साऊथ अमेरिका एशिया अफ्रीका महाद्वीपों पर ज्यादा फोकस

वहीं, दूसरी ओर, पानीपत एक्सपोर्टर एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर रामनिवास गुप्ता ने बताया कि अमेरिका से चल रहे आर्थिक तनाव के चलते पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर का पूरा फोकस ऑस्ट्रेलिया, साऊथ अमेरिका, एशिया, अफ्रीका महाद्वीपों के देशों के टेक्सटाइल बायर्स पर ज्यादा रहने की संभावना है। पानीपत कारपेट मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र मलिक ने बताया कि वर्तमान में पूरी दुनिया में राजनीतिक उथल-पुथल और वैश्विक आंशिक युद्धक अशांति, आर्थिक तनाव के दौर से गुजर रही। ऐसी हालत में जर्मनी में चल रहे टेक्सटाइल फेयर में विदेशी बायर्स के साथ पानीपत के एक्सपोर्टर का कोई लंबा चौड़ा कारोबारी खाका तैयार होने की उम्मीद नहीं है।

### गैर अमेरिकी विदेशी बायर्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगाः धमीजा

हरियाणा चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चैप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने बताया कि उम्मीद पर दुनिया कायम है। वहीं, पानीपत के एक्सपोर्टर फ्रैंकफर्ट में चल रहे हैं इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर में बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार मेला में उन्हें गैर अमरीकी विदेशी बायर्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा। उन्होंने बताया कि यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के देशों से, एशिया महाद्वीप के खाड़ी देशों से, जापान, थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, फिजी, मलेशिया जैसे बड़े पर्यटन वाले देश के टेक्सटाइल कारोबारियों से उन्हें अच्छा खास रिस्पांस मिलने की उम्मीद है। टेक्सटाइल एक्सपोर्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच हजारों करोड़ रुपए का टेक्सटाइल कारोबार होता रहा है। अकेले पानीपत से अमेरिका को करीब 12000 करोड रुपए से अधिक का टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात किया जाता रहा है।

## करनाल की अशोक विहार कॉलोनी में हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आई 5 वर्षीय बच्ची

**इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के मधुबन क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घर के बाहर साइकिल चला रही पांच साल की मासूम बच्ची को रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद वह मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से मधुबन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए




चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अशोक विहार कॉलोनी निवासी रामकुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी नातिन प्रीत, जो गांव गुलियाना निवासी बलराज की बेटी है, दोपहर के समय गली में अपनी छोटी साइकिल पर खेल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक गली में दाखिल हुई और सीधे बच्ची को कुचलते हुए निकल गई। हादसे के बाद कॉलोनी के लोगों की मदद से बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है और डॉक्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार

घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर ट्रैक्टर की पहचान सामने आई। बताया गया कि ट्रैक्टर महिंद्रा 265 मॉडल का है, जिसका रंग लाल है। चालक हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि सामने आने पर वह ट्रैक्टर और चालक दोनों को पहचान सकता है। मधुबन थाना पुलिस ने अस्पताल से प्राप्त दस्तावेजों और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तरावड़ी के पास हाईवे पर पलटा कैंटर पीछे से आई कार टकराई, लगा जाम

**हाइड्रा से हटवाए गए पॉलिथीन रोल**

**तरावड़ी।** तरावड़ी के समीप नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण एक कैंटर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सडक़ के बीचोंबीच पलट गया। कैंटर के पलटते ही उसके पीछे से आ रही एक कार उससे जा टकराई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। गनीमत रही कि दोनों वाहनों में सवार लोग सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली की ओर जा रहा एक कैंटर तरावड़ी के पास पहुंचा। केंटर में बड़े-बड़े पोली रोल लदे हुए



**तरावड़ी।** हादसे के बाद कार को साइड मे करवाते पुलिस कर्मी व अन्य फोटोः हरिभूमि

थे। घने कोहरे के कारण चालक को आगे का रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं दिया, जिससे कैंटर असंतुलित होकर पलट गया और बीच सड़क में आकर रुक गया। कैंटर के पलटते ही पीछे से आ रही एक कार उससे टकरा गई। टक्कर के कारण कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए अन्य वाहनों को धीमी गति से निकालने में मदद की, ताकि कोई दूसरा हादसा न हो। हाईवे पर फैले पोली रोल को हटवाने की व्यवस्था की गई। सभी पोली रोल को निकालकर डिवाइडर के बीच सुरक्षित रखा गया।

## हॉकी इंडिया लीग में एसजी पाइपर्स की कप्तान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं

# महिला हॉकी लीग में इतिहास रचने वाली नवनीत कौर को पलकों पर बैठाया

**पिछले एडिशन में टीम अंतिम स्थान पर रही थी, इस बार टीम ने चैंपियनशिप जीती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीतने वाली एसजी पाइपर्स टीम की कप्तान और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीत कर शाहाबाद मारकंडा और देश का नाम रोशन करने वाली नवनीत कौर के सम्मान में नगर के विश्रामगृह में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा नेता सुभाष कलसाना और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से नवनीत कौर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लोहड़ी पर्व भी नवनीत कौर को समर्पित किया गया। स्वागत के दौरान सुभाष कलसाना ने कहा नवनीत कौर शाहबाद की आन-बान और शान हैं। उन्होंने अपनी मेहनत,



**शाहबाद।** नवनीत कौर का स्वागत करते सुभाष कलसाना व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

अनुशासन और नेतृत्व क्षमता से यह साबित कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। फाइनल मुकाबले में कई कठिन मौके आए, लेकिन टीम ने संयम बनाए रखा और अपनी रणनीति से काम करते हुए जीत हासिल की। पूरे टूर्नामेंट में नवनीत ने शूटआउट सहित 6 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सम्मान से अभिभूत नवनीत कौर ने इसका श्रेय अपने कोच बलदेव सिंह, परिजनों व खेल प्रेमियों को दिया और भव्य स्वागत के लिए सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त किया। रविन्द्र सांगवान ठोली, अमरजीत सिंह डांगी, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, यादविन्द्र लक्की राणा, पार्षद ईशा सचदेवा, ब्लॉक समिति के चेयरमैन तरसेम सिंह, एडवोकेट मनदीप रावा, विक्रम अटवान सरपंच, रिंकू बैरागी, नरेश खानपुर, रिंकू चहल आदि ने स्वागत किया।

# कार ने व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

**जगाधरी मेन रोड पर शर्मा ढ़ाबा के पास सड़क पार करते समय हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी मेन रोड शर्मा ढ़ाबा के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की कांबोजा कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार की रात को करीब सात बजे वह शर्मा ढाबा मेन रोड जगाधरी के पास खड़ा था। इसी दौरान उसके चाचा राजीव कुमार घर जाने के लिए मेन सड़क को आराम से पार कर रहा था। तभी यमुनानगर की ओर से आ रही सफेद रंग की एक कार चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए उसके चाचा को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। उसका नंबर भी नोट नहीं हो सका।

# यमुनानगर में एएसआई ने घर को बनाया परिंदों के लिए बसेरा स्थल

**सौ से अधिक परिंदे कर रहे हैं विश्राम, 50 से अधिक घोंसले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात रादौर निवासी परविंदर सिंह मावी देश सेवा के कर्त्तव्य के साथ साथ पक्षियों की सेवा करने में लगे हैं। उन्होंने वर्षों से अपने घर में पक्षियों के ठहरने के लिए 50 से अधिक घोंसले बनाए हुए हैं। जिनमें वह पक्षियों को दाना पानी के अलावा चिकित्सा सुविधाएं भी मुहैया करवा रहे हैं। रादौर की टेलीफोन एक्सचेंज कालोनी निवासी परविंदर भल्ला ने बताया कि वर्षों से वह जनसेवा के साथ साथ परिंदो और जीव जंतुओं की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पक्षियों के ठहरने के लिए अपने निवास स्थान में सैकड़ों घोंसले व लकड़ी के घर



**रादौर।** रादौर में घर में पक्षियों के लिए बनाए हुए घोंसले। फोटोः हरिभूमि

बनाए हुए हैं। जो सैकड़ों पक्षियों के अलावा गिलहरी व चिड़ियों के लिए शरणस्थली बने हुए हैं। परविंदर सिंह ने बताया कि उनके घर के बाहर व छत पर पक्षियों के लिए बनाए गए घोंसलों में दिनभर पक्षियों की चचहाट लगी रहती है। जिससे वातावरण मनमोहक बना रहता है। परविंदर सिंह मावी ने बताया कि वह हर रोज घोंसलों में रहने वाले पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे घरों की कड़ियों में पक्षी अपना घोंसला बना लिया करते थे। लेकिन अब लगभग सभी के मकान पक्के बन चुके हैं। ऐसे में पक्षियों को पक्के मकानों में घोंसला बनाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसको देखते हुए उन्होंने करीब दस वर्ष पहले पक्षियों के लिए अपने घर में घोंसले बनाए हैं। आज पक्षी घोसलों में अपने बच्चों को भी जन्म दे रहे हैं। वह पक्षियों के लिए यमुनानगर व अंबाला से घोसले व लकड़ी के घर लाए हैं।

## ट्रेनें कई-कई घंटे देरी से चल रही है, बस सेवा भी हुई प्रभावित

# घने कोहरे और कड़ाके की ठंड में ठिठकी जीवन की रफ्तार, पारा गिरकर 4 डिग्री सेल्सियस पर आया

**पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का मैदानी इलाकों में भी प्रभाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में घना कोहरा के साथ चल रही शीतलहर और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में बनी कड़ाके ठंड से जीवन की रफ्तार ठिठक कर रह गई है। आलम यह है कि मौसम में ठंड बढ़ने से लोगों के कामधंधे प्रभावित हो चुके हैं। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से दुकानदारी ठप होने के कगार पर पहुंच गई है। सोमवार को भी जिले में अल सुबह से लेकर ग्यारह बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने व आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से तापमान घटकर न्यूनतम मात्र 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच





**यमुनानगर।** घना कोहरा छाने से सड़कों पर लाइटें जलाकर धीमी गति से चल रहे वाहन व घना कोहरा में डूबे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। फोटोः हरिभूमि

गया। जिससे दोपहर तक लोग घरों में दुबकने को मजबूर रहे। सोमवार को नए वर्ष के बारहवें दिन भी शीतलहर चलने व घना कोहरा छाए रहने से दोपहर तक सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर सूर्यदेव के दर्शन हुए। जिसमें कुछ देर के लिए लोग घरों से बाहर निकले। मगर कुछ देर के बाद फिर से मौसम में ठंडक बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। ठंड के कारण दिन भर बाजारों की रौनक भी गायब रही। वहीं, जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

### बुजुर्गों को सांस लेने में हो रही दिक्कत

निर्मल अस्पताल के सांस व अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि सर्दी बढ़ने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं। इसके अलावा जोड़ों का दर्द भी महसूस होता है। इसलिए उन्हें अलाव का सहारा लेना चाहिए और ज्यादातर समय राजाई में व्यतीत करना चाहिए। बच्चों को

# बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर, उनका सम्मान हम सभी का कर्तव्य : हरदीप राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की ओर से रेडक्रॉस कॉम्प्लेक्स स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ लोहड़ी पर्व श्रद्धा, सम्मान और मानवीय संवेदनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम का वातावरण लोकगीतों, उत्साह और अपनत्व से भरपूर नजर आया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर लोहड़ी जलाई और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पर्व की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर बुजुर्गों को मिठाइयां, फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनके अनुभव सुने और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।संस्था के संस्थापक हरदीप राणा ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। आज के व्यस्त जीवन में बुजुर्गों को समय देना और उनके साथ पर्व मनाना सच्ची मानवता की पहचान है। उन्होंने कहा कि मानवता जन शक्ति फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।

## मानवता जन शक्ति फाउंडेशन ने रेडक्रॉस कॉम्प्लेक्स स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाया लोहड़ी

- बुजुर्गों को मिठाइयां, फल एवं अन्य सामग्री वितरित कीं
- वृद्धाश्रम का वातावरण उत्साह और अपनत्व से भरपूर नजर आया



करनाल। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ लोहड़ी मनाते मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद** इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य आकाश बंसल, सतवंत सिंह, परविंदर गुप्ता, आशा राणा, अंजू शर्मा, वर्षा सूद, सतविंदर कौर, मोनिका शर्मा, वंदना गुप्ता, मीना शर्मा, शिवानी गुप्ता, रमा बंसल, नरेंद्र नागी, सोनिया नागपाल, पूजा गुप्ता, हिना नागपाल, शगुन राणा, पूनम नागपाल, मीनू शर्मा, रितु गोयल, अंकुश नागी, प्रणव राणा, पवन सही, पना लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वृद्धाश्रम प्रबंधन एवं बुजुर्गों ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

## बारह कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया जाएगा: रमेश

तरावड़ी। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से सामूहिक कन्याओं के विवाह का आयोजन किया जायेगा। बंसत पंचमी के दिन 23 जनवरी को यह आयोजन करवाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये कम्पनी के निदेशक रमेश गुप्ता ने बताया कि आसपास के कस्बों व शहर मे जरूरतमंद परिवारों की 12 कन्याओं का विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवाया जायेगा। यह भव्य सामूहिक विवाह समारोह बंसत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी को सेलिब्रेशन पैलेस, लल्यानी रोड़ तरावड़ी में अयोजित किया जाएगा। कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपनी बेटियों की शादी अच्छे तरीके से नहीं कर पा रहे। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में सभी रस्में धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूरी की जाएंगी और हर जोड़े को कपड़े, फर्नीचर व आवश्यक घरेलू सामान भी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की टीम द्वारा इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। बता दें कि शिवशक्ति ग्रुप पहले भी श्री मद्भागवत कथा, भंडारें, व गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह के अनेक धार्मिक आयोजन करवाते रहते है।



रमेश गुप्ता

## खबर संक्षेप

### ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए सावधानी बरतें

करनाल। उपायुक्त विश्राम कुमार ने जिलेवासियों से ठंड व शीतलहर के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चे और बुजुर्ग यथासंभव घर के अंदर रहें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें। मौसम की जानकारी रेडियो व अन्य माध्यमों से लेते रहें। उन्होंने कहा कि सर्दी से बचाव के लिए परतदार कपड़े पहनें, सिर व मुंह ढककर रखें, गर्म तरल पदार्थ का सेवन करें और शराब से परहेज करें।



### किसान आईडी बनवाना अनिवार्य : उपायुक्त

करनाल। उपायुक्त विश्राम कुमार ने बताया कि एग्री-स्टैक भारत सरकार द्वारा विकसित एक प्रमुख डिजिटल कृषि परियोजना है, जिसके तहत किसानों को आधार से जुड़ी विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जा रही है। इसी पहचान संख्या के माध्यम से किसानों को भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### ग्रामीण चौकीदार सभा ने मांग को लेकर की बैठक



करनाल। कर्ण पार्क में आयोजित ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

करनाल। हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक कर्ण पार्क में प्रधान विक्रमजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव मदन कलरा ने किया। राज्य महासचिव कलीराम और सीटू जिला सहसचिव जगपाल राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण चौकीदारों को पक्का करने की मांग पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण चौकीदारों को पक्का करने की मांग पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 जनवरी को नोटिस दिवस पर जिला स्तर पर प्रदर्शन कर सरकार को नोटिस सौंपा जाएगा तथा 12 फरवरी की राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में भाग लिया जाएगा। बैठक में राजकुमार, चंद्रपाल, प्रवीण, जगदीश, जाकिर हुसैन, सुनील कुमार आनंद, रामफल और राजबीर उपस्थित रहे।

## खराब ट्रैफिक लाइटें, अव्यवस्थित यातायात, बेतरतीब पार्किंग बनी परेशानी

# जाम सिटी बनी स्मार्ट सिटी करनाल ना रूट डायवर्ट, न ही कोई समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

स्मार्ट सिटी का तमगा पाने वाला करनाल शहर जमीनी हकीकत में अब "जाम सिटी" बनता जा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लंबे समय से खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटें, अव्यवस्थित यातायात, बेतरतीब पार्किंग और निजी वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या ने आमजन का जीवन मुश्किल कर दिया है। हालात ये हैं कि सुबह और शाम के पीक आवर्स में कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में आधा घंटा या उससे अधिक समय लग रहा है।

कर्ण पार्क चौक, कम्बोज चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, सेक्टर-7, सेक्टर-13, रामनगर चौक, आईटीआई चौक सहित शहर के अनेक प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल या तो महीनों से खराब पड़े हैं या फिर सही तरीके से संचालित नहीं हो रहे। नतीजतन यातायात पुलिस को मैन्युअल व्यवस्था संभालनी पड़ती है, लेकिन सीमित स्टाफ और संसाधनों के कारण हर स्थान पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं हो पा रहा। इससे जाम की स्थिति दिन-ब-दिन और गंभीर होती जा रही है।

सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तरों में कार्यरत कर्मचारियों, बुजुर्गों, मरीजों और आपातकालीन सेवाओं को हो रही है। कई बार जाम के कारण एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता, जो सीधे तौर पर जनजीवन और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

### निजी वाहनों की बढ़ती संख्या भी बढ़ा रही समस्या, जाम से राहत के लिए ठोस कदम जरूरी



करनाल। सड़कों पर घंटों तक लगे जाम से जूझते वाहन और आमजन। फोटो : हरिभूमि

- शहर में फिलहाल 6000 से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जो अव्यवस्थित ढंग से सड़कों पर खड़े होकर और बीच रास्ते रुकने के कारण जाम का बड़ा कारण बनते हैं।
- ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग निर्धारित स्टैंड बनाए जाना आवश्यक है, ताकि सड़क पर अनियंत्रित पार्किंग रोकी जा सके।
- शहर में भारी वाहनों की एंट्री सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक पूरी तरह बंद की जानी चाहिए, जिससे दिन के समय यातायात का दबाव कम हो।
- किसी भी सड़क निर्माण, सीवर, जलापूर्ति या अन्य विकास कार्य को शुरू करने से पहले रूट डायवर्जन की जानकारी का मैसेज आमजन तक अनिवार्य रूप से पहुंचाया जाए।
- वर्तमान में डायवर्जन की स्पष्ट सूचना न मिलने से लोग जिस रास्ते से सुविधा मिलती है, वहीं से निकल जाते हैं, जिससे अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनती है।
- ट्रैफिक डायवर्जन को एक तय सिस्टम और पूर्व नियोजित योजना के तहत लागू करना जरूरी है।
- ई-रिक्शा, भारी वाहन और डायवर्जन व्यवस्था को लेकर एक स्थायी और समग्र यातायात नीति लागू किए बिना जाम से स्थायी राहत संभव नहीं है।

#### परियोजना पर करोड़ों खर्च लेकिन ट्रैफिक प्रबंधन बदहाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्मार्ट सिटी परियोजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन बुनियादी ट्रैफिक प्रबंधन आज भी बदहाल है। लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि जब अन्य शहरों में ओड-ईवन फार्मूला, स्मार्ट सिग्नल सिस्टम और सख्त ट्रैफिक प्लान से राहत मिल सकती है, तो करनाल में इन उपायों को गंभीरता से क्यों नहीं अपनाया जा रहा।

#### पीक आवर्स में प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू हो

यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पीक आवर्स में प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए, स्कूल और कार्यालय समय में समन्वय हो और अवैध पार्किंग पर सख्ती बरती जाए तो स्थिति में काफी सुधार संभव है। लेकिन फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर केवल अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं, जिससे जनता का रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

#### ट्रैफिक व्यवस्था को देनी होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

अब जरूरत इस बात की है कि प्रशासन कागजी योजनाओं से आगे बढ़कर जमीन पर ठोस और स्थायी समाधान लागू करे। यदि करनाल को वास्तव में स्मार्ट सिटी बनाना है, तो ट्रैफिक व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी, अन्यथा जाम में फंसा शहर विकास के दावों पर रोज सवाल खड़े करता रहेगा।



श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन आयोजित कलश यात्रा में हिस्सा लेतीं महिलाएं।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

- भक्ति और श्रद्धा के साथ गूंजा कथा का उद्घोष, धार्मिक भजनों पर झूमीं महिलाएं
- वृंदावन धाम से आए कथाव्यास केशव आचार्य ने पहले दिन किया कथा महात्म्य का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी/करनाल

समाज की सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ गांव काछवा में हुआ। सुबह नगर खेड़ा से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर की परिक्रमा की। काछवा रोड स्थित सोमेश्वर राइस प्रा. लि. परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत यह यात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई कथा स्थल सोमेश्वर राइस प्रा. लि. परिसर में पहुंची। इससे पहले श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर के आचार्य पंडित शुभम शास्त्री ने नगर खेड़ा पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज ने पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य का सुंदर वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं व श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सोमेश्वर राइस प्रा. लि. के सीएमडी रामदास शर्मा ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कथा आयोजन 18 जनवरी तक प्रतिदिन चलेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर शीशपाल शर्मा, शुभम शर्मा, अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, रणजीत भारद्वाज, सतीश कक्कड़, रोहित भारद्वाज, नगर खेड़ा कमेटी प्रधान अतर सिंह, बिट्टू भाटिया, गोबिंद भाटिया, विशाल, रवि शर्मा, रिंकू शर्मा, अश्वनी शर्मा, दीपक शर्मा, मौलिक भारद्वाज, सुनीता देवी, आरती, संतोष गुप्ता, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्वदेशी वस्तुओं का महत्व बताकर उनके उपयोग का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

### शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान




शहीद उधम सिंह गवर्नमेंट कॉलेज में स्वदेशी संकल्प दौड़ में भाग लेते प्रोफेसर ।

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वदेशी संकल्प दौड़ व स्वदेशी संकल्प व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी, एनएसएस की तीनों इकाइयों एवं महत्वपूर्ण दिवस आयोजन समिति के समन्वय से हुआ। एनसीसी कैप्टेन प्रो रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तु उपयोग करने बारे मे संकल्प और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का महत्व बताया। प्रो बाल ऋषि, प्रो कुलदीप, प्रो प्रदीप भारती व प्रो रीना सैनी ने एनएसएस की तरफ से विद्यार्थियों को स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं में से स्वदेशी वस्तु के चयन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होने बताया कि कैसे स्वदेशी वस्तुएं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करती हैं। प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनको याद किया और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें।

## करनाल सहकारी चीनी मिल ने 47 दिनों में की 15.076 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई

करनाल। करनाल सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि वर्तमान पिराई सत्र के दौरान मिल ने 47 दिनों में 15.076 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई की है। इस दौरान मिल की ओनडेट रिकवरी 9.40 प्रतिशत तथा टूडेट रिकवरी 9.32 प्रतिशत रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 1,30,120 क्विंटल रिफाइंड चीनी का उत्पादन किया जा चुका है और मिल लगातार 60 आईक्यूएमएसए कलर के भीतर चीनी का निर्माण कर रही है, जो सरकार द्वारा तय मानकों के अनुरूप है। 18 मेगावाट को-जनरेशन प्लांट से 1.81 करोड़ केडब्ल्यूएच यूनिट बिजली उत्पादन किया गया है, जिसमें से 1.17 करोड़ यूनिट उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को निर्यात कर 7.43 करोड़ रुपये का अतिरिक्त शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि मिल ने 7 जनवरी 2026 तक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को 51.63 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है, जो अब तक की कुल आपूर्ति का 82.73 प्रतिशत है और यह सभी मिलों में सर्वाधिक है। किसानों की सुविधा के लिए अटल किसान कैंटीन में मात्र 10 रुपये में भोजन तथा विश्राम गृह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि 3500 टीसीडी रिफाइंड शुगर प्लांट की स्थापना से मिल ने लगातार राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

### इग्नू अध्ययन केंद्र करनाल में राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन

## विवेकानंद जयंती पर इग्नाइट द सेल्फ, इम्पैक्ट द वर्ल्ड थीम के साथ युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर इग्नू अध्ययन केंद्र करनाल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। वर्ष 2026 की थीम "इग्नाइट द सेल्फ, इम्पैक्ट द वर्ल्ड" को केंद्र में रखते हुए युवाओं में आत्मचिंतन, आत्मविकास और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान की भावना जागृत करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धरमपाल सिरोही रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के उप-निदेशक डॉ. अमित जैन तथा श्री रॉबिन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. धरमपाल सिरोही ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्र सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न मानकर चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा। विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित जैन ने स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक चंद्रकांत ने युवाओं को आत्मअनुशासन, सकारात्मक सोच और सतत प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। श्री रॉबिन ने भी युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रिज़वान के स्वागत भाषण से हुआ। मंच संचालन प्रीति कौशल ने किया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक, भाषण एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अंत में सुश्री दीपाली ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### हिमगिरी डिग्री कॉलेज रुड़की में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

## स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत थे : डॉ. बलराम शर्मा

करनाल। हिमगिरी डिग्री कॉलेज, रुड़की (उत्तराखंड) में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के महान प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत थे। उन्होंने युवाओं को अध्यात्म, शिक्षा और चरित्र निर्माण का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरित होकर अनेक युवाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई।



#### असफलताओं से निराश न हों

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में आने वाली असफलताओं से निराश न हों और कठिन परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करें। उन्होंने शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विक्रांत कौशिक ने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और राष्ट्र का भविष्य उन्हीं के कंधों पर है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संयोगिता कौशिक ने स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रतिपादित वैश्विक शांति और सहिष्णुता के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूचि पुंडीर ने किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य शहजादी, डॉ. अनीता, डॉ. अफान, अनुज सैनी, रविंद्र राणा, विकास पालीवाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने झंडी दिखाकर किया दौड़ का शुभारंभ

## विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के दिशा-निर्देशानुसार स्वदेशी स्वाभिमान एवं स्वावलंबन भारत मुहिम के तहत विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की शपथ दिलाई गई।

#### गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में स्वदेशी संकल्प दौड़ व शपथ ग्रहण समारोह




रैली एवं दौड़ रेलवे रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध तरीके से भाग लेते हुए आमजन को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की तीन माताएं होती हैं-पहली जननी मां, दूसरी धरती मां और तीसरी मातृभाषा। इन तीनों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने हरियाणा की कहावत "देशों में देश हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा" का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वदेशी भोजन स्वास्थ्यवर्धक होता है, जबकि विदेशी फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। एनसीसी अधिकारी डॉ. देवी भूषण ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर युवाओं को स्वदेशी भावना को अपनाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता और रोजगार सृजन पर बल दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

#### प्रबंधन समिति के प्रधान ने आयोजन की खूब सराहना की

कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने आयोजन की सराहना करते हुए प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. बीर सिंह, डॉ. अजय कुमार, डॉ. दीपक, प्रो. रमन भट्टी, प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. कुलदीप तथा डॉ. जतिंद्र पाल सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समर्पण दिवस पर लें प्रलोभनों से बचने का संकल्प : विजय

**पानीपत।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई में समर्पण दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में ग्राहक जागरूकता पर जोर दिया गया और लोगों को प्रलोभन से बचने की सलाह दी गई। समर्पण दिवस का आयोजन संघ कार्यालय में किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करके ही समाज प्रगतिशील और जागरूक बनाया जा सकता है।

### पंडित सदाशिव राव भाव को दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** ब्राह्मण समरसता अभियान के तत्वावधान में पानीपत की तीसरी लड़ाई के महान योद्धा पंडित सदाशिव राव भाव को और उसके साथ शहीद हुए 48000 ब्राह्मण को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम भगवान परशुराम धर्मशाला गोहाना रोड पानीपत में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता चित्रकूट कर्वी से नारायण प्रभाकर राव पेशवा जो सदाशिवराव भाव के वंशज हैं रहे। नारायण प्रभाकर राव ने कहा नारायण प्रभाकर राव ने कहा हमारे बुजुर्गों ने देश धर्म राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया।

### कपड़ों के शोरूम से चोरी करने वाला सेल्समैन काबू

**पानीपत।** किशनपुरा चौकी पुलिस ने जीटी रोड स्थित रेडिमेड कपड़ों के एक शोरूम से कपड़े चोरी करने वाले सेल्समैन को चौटाला रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नुमाइस कैंप से रोड न्यू माधो नगर सहारनपुर यूपी हाल जमालपुर कनखल उत्तराखंड निवासी अरणव सचदेवा के रूप में हुई है। किशपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई दिनेश ने बताया कि किशनपुरा चौकी में कैथल के खनौदा गांव निवासी पवन पुत्र छोटाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पानीपत में गोहाना मोड़ के नजदीक जीटी रोड स्थित ऑक्टेव पुमा एआरआर संस रिटेल प्राइवेट लिमिटेड शोरूम पर मैनेजर के रूप में तैनात है।

### आर्य स्कूल में एनएसएस कैंप में मनाया युवा दिवस

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस कैंप की शुरुआत उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के नारे के साथ हुई। आज के एनएसएस कैंप को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि रामधन आर्य रहे और उनकी अध्यक्षता में एक विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आज की युवा पीढ़ी में जागृत करना है।

### नरेंद्र जिंदल ने युवा दिवस पर किया रक्तदान

**पानीपत।** राष्ट्रीय युवा दिवस जो की स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है पर नरेंद्र जिंदल ने 92वां रक्त साझा किया। रेड क्रास के रक्त बैंक में डॉ.पूजा सिंघल ने बताया की रक्त बैंक में रक्त की जरूरत है। आप अपना रक्त दें। जिसके बाद उन्होंने रक्त बैंक को अपना रक्त दान किया। नरेंद्र जिंदल सभी से निवेदन की है कि आप भी अपना बहुमूल्य रक्त जरूर साझा करें। जिससे जरूरत मंद को रक्त की पूर्ति हो सके तथा किसी का जीवन बचाया जा सके।

### दो दिवसीय प्रॉपर्टी आईडी समाधान शिविर आयोजित

**पानीपत।** नगर निगम के सहयोग से वार्ड नंबर 20 के पार्षद तरुण गांधी के मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान वार्ड के सैकड़ों नागरिकों ने पार्षद कार्यालय पहुँचकर अपनी समस्याएँ दर्ज कराईं। नगर निगम की विशेष टीम ने मौके पर ही नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान प्रदान किया। पूरे शिविर के दौरान पार्षद तरुण गांधी स्वयं उपस्थित रहे और सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते रहे।

---

### देश की अर्थव्यवस्था व राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने में स्वदेशी का अतुल्य महत्व : चंद्रशेखर

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

सैकड़ो विद्यार्थियों ने 5 किलोमीटर की स्वदेशी संकल्प दौड़ में हिस्सा लेकर देश के प्रति अपने भावों को अभिव्यक्त किया



पानीपत। स्वदेशी संकल्प दौड़ का रवाना करते प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि


पानीपत। स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देते हुए प्राचार्य डा.शशि प्रभा मलिक।

- प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो विद्यार्थियों ने 5 किलोमीटर की स्वदेशी संकल्प दौड़ में हिस्सा लेकर देश के प्रति अपने भावों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक चंद्रशेखर, स्वदेशी जागरण मंच से विक्रम चावला, जितेंद्र गुप्ता, जिला संयोजक स्वदेशी मेला प्रमुख सुनील ग्रोवर व पूर्व कार्यकर्ता अजय अंतिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दौड़ के पश्चात कॉलेज में स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने की शपथ ली। विदित रहे की कॉलेज में वर्षों से स्वामी विवेकानंद केंद्र स्थापित है और प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद जयंती को आदर और गंभीर भाव के साथ मनाया जाता है। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल व महासचिव महेंद्र अग्रवाल ने स्वदेशी जागरण मंच से आए अधिकारियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने, रोजगार पैदा करने और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने में स्वदेशी अपनाने के बहुत महत्व हैं। इस अवसर पर डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.मोनिका खुराना, डॉ.रवि कुमार, डॉ.राहुल जैन, डॉ.दीपा वर्मा, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.आशीष गर्ग, आदि मौजूद रहे।

### स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं संगोष्ठी आयोजित

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज में आज राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पर महाविद्यालय की एनएसएसए एनसीसी व यूथ रेड क्रॉस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी अपनाओ थीम पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण से स्वदेशी संकल्प दौड़ को प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता एवं उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया और लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। दौड़ के उपरांत महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित स्वदेशी विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### आईबी कॉलेज में संकल्प दौड़ आयोजित

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में एनएसएस, एनसीसी और स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब की ओर से स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी मानव जाति के महान प्रेमी और मार्गदर्शक थे। इस अवसर पर उप.प्राचार्या डॉ.किरण मदान, विवेकानंद यूथ क्लब के संयोजक डॉ.गुरनाम, एनएसएस संयोजिका खुशबू, डॉ.नीतू, प्रो.राहुल कुमार, प्रो.पूजा भोला, प्रो.कुलदीप, डॉ.सुनीत आदि मौजूद रहे।



पानीपत। स्वदेशी विषयक संगोष्ठी में शामिल होते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

---

## विजय व उनकी टीम ने ली पद एवं गोपनियता की शपथ



पानीपत। चैप्टर चेयरमैन विजय जैन को जितो के अपेक्स एवं नॉर्थ जॉन अधिकारी जितो चार्टर भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- सेवा, शिक्षा, ज्ञान और आर्थिक सशक्तिकरण को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के पानीपत चैप्टर शाखा की स्थापना एवं पदाधिकारियों, सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कमलेश सजोतिया जैन इंदौर ने की। मुख्य अतिथि श्रीपाल बचावत जैन बेंगलुरु रहे। विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र जैन चेन्नई, दर्पण जैन दिल्ली, रमन जैन दिल्ली रहे। जितो नॉर्थ जॉन के मुख्य सचिव विकास जैन दिल्ली ने एंकरिंग की। यह आयोजन पानीपत चैप्टर के स्वयं चीफ पैट्रन मैंबर बने सुशील जैन के आग्रह पर उनके ईडन बैंक्विट एंड रिजॉर्ट में हुआ। इस अवसर पर नॉर्थ जोन अध्यक्ष रमन जैन, पानीपत चैप्टर के अध्यक्ष विजय जैन, लेडीज विंग की चेयरपर्सन पूनम जैन, यूथ विंग के चेयरमैन चिराग जैन, दिनेश जैन, बजरंग जैन दिल्ली, एव लोकेश जैन चंडीगढ़ एडवाइजर, पानीपत चैप्टर से डॉ.एपी जैन, सुभाष जैन, नरेंद्र जैन, रविंद्र जैन, मनीष जैन, प्रदीप जैन, पूनम जैन, निधि जैन, रेनू जैन, व अनीता जैन, पानीपत गांधी मंडी जैन समाज के प्रधान जगदीश जैन, राजेंद्र जैन, अंसल समाज के प्रधान जगदीश , हरियाणा जैन कॉन्फ्रेंस के प्रधान डॉ.रामनिवास व डा.एपी जैन आदि मौजूद रहे। सभी पदाधिकारी व सदस्यों को सामूहिक शपथ दिलाई गई। जिसमें सेवा, शिक्षा, ज्ञान और आर्थिक सशक्तिकरण को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया गया। जितो के पानीपत चैप्टर के एडवाइजर डॉ.एपी जैन ने बताया कि इस संगठन की विदेशों में भी 27 राष्ट्रों में 35 शाखाएं हैं। भारत के लगभग सभी राज्यों में 9 क्षेत्रों में बंटे 90 चैप्टर हैं।

### प्रकाश पर्व पर समालखा में सजे दीवान


समालखा। कार्यक्रम में शामिल जगतार सिंह बिल्ला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**समालखा।** जीटी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा साहिब में गुरु गोविंद सिंह जी का 360वां प्रकाश पर्व क्षेत्र की संगत द्वारा श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाए गए। शुरुआत संगत द्वारा श्री सुखमणि साहिब के पाठ से की गई। भाई गुरमुख सिंह और भाई सुरेंद्र सिंह ने गुरु वाणी का मधुर कीर्तन गायन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा कमेटी मॉडल टाउन के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा गुरु गोबिन्द सिंह ने ऊंच.नीच का भेदभाव मिटाकर प्रेम, भाईचारे, एकता और मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गोपाल सिंह, सेवादार और क्षेत्र की संगत बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### पैरासेलिंग से लौटी छात्राओं का हुआ स्वागत

**पानीपत।** शाहजहांपुर में 25 यूपी बीएन एनसीसी द्वारा आयोजित पैरासेलिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में भाग लेकर जब धामपुर लौटी एसबीडी कॉलेज की एनसीसी छात्राएं कॉलेज परिसर पहुंचीं तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षकों, सहपाठियों और कॉलेज स्टाफ ने तालियों और उत्साह के साथ छात्राओं का अभिनंदन किया। इस शिविर में बरेली गुरप के अंतर्गत आने वाले शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद और बिजनौर जनपदों के कैडेट्स यूपी 9 बटालियन प्रतिभाग किया। धामपुर के एसबीडी कॉलेज से एएनओ प्रियंका जैन के नेतृत्व में रिंकी प्रजापति पुत्री दिनेश कुमार प्रजापति सहित दर्जनों छात्राओं ने साहसिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। ओडिशा से आए डायरेक्टर नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन रविंद्र कुमार भूयन ने कैडेट्स को साहसिक गतिविधियों की बारीकियों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी। वहीं सूबेदार मेजर सुनील रावत, सूबेदार गुलशन सिंह और सूबेदार दलजिंदर सिंह की सक्रिय मौजूदगी ने प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाया।

### पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल की टीम ने आज जीटी रोड टोल प्लाजा पर 50 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक एवं चालक अपने अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टिव टेप बहुत ही कारगर साबित होती है।

### आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** जयदीप राठी हत्या मामले में गठित पुलिस की एसआईटी ने आज आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी को 8 दिन की रिमांड अवधी पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे और 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इसके साथ ही पुलिस टीम ने मामले में जेल में बंद चार आरोपियों हरेन्द्र राठी, सुनील शर्मा, रविन्द्र राठी व प्रीतम को भी आज जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर न्यायालय में पेश किया। जहां से चारों आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम द्वारा रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही साक्ष्य जुटाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

---

## युवा ही भारत के भविष्य की दिशा तय करेंगे : रंजीता कौशिक


पानीपत। ग्रामीणों को कपड़े वितरित करते हुए रंजीता कौशिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले के गांव मांडी में एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांग जनों को कंबल वितरित किए गए। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि युवाओं को सही दिशा देने का दिन है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और मानव सेवा का संदेश दिया। रंजीता कौशिक ने कहा कि दिव्यांग जन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें दया नहीं बल्कि सहयोग और समान अवसर की आवश्यकता है।

## खेल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में आयोजित स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 12 से 16 जनवरी के प्रथम दिन खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा विभाग पानीपत द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीईईओ सुभाष भारद्वाज, बीईओ जयपाल सरोहा, रविंदर अंतिल एईओ स्पोर्ट्स, करन सिंह पुनिया एईईओ स्पोर्ट्स, जयवीर दहिया, डॉ. जोगिंदर, प्रदीप कादयान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि राजपाल भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं वर्तमान में एसएसपी पटियाला रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आज के मुकाबलों में अंडर.17 फुटबॉल एवं अंडर.19 कबड्डी की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाडय़ों ने अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 38 फुटबॉल टीमें एवं 31 कबड्डी टीमें भाग ले रही हैं। जिनमें कुल 1042 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।


पानीपत। विजेता टीम के साथ अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## सूर्य नमस्कार के लिए एक लाख पंजीकरण का लक्ष्य : डॉ. राजकपूर

- सूर्यनमस्कार अभियान की शुरुआत 12 जनवरी से की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए हरियाणा योग आयोग द्वारा जिले वार एक लाख लोगों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.राजकपूर ने बताया कि विभाग ने पंजीकरण प्रकिया को लेकर जिले में कार्यरत सभी आयुष योग सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं और जिला पानीपत विशेषतः शिक्षा विभाग, अन्य विभागों तथा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर अपना लक्ष्य पूरा कर लेगा। सूर्यनमस्कार अभियान की शुरुआत 12 जनवरी से की गयी थी। योग विशेषज्ञ नीलिमा ने कहा कि सूर्यनमस्कार एक सम्पूर्ण व्यायाम है जो शरीर को लचीला, मजबूत व स्वस्थ बनाता है। योगा कॉर्डिनेटर डॉ.नितिन रॉय ने बताया कि 15 जनवरी के बाद सभी विद्यालयों की छुट्टियां समाप्त हो जाएंगी।


पानीपत। सूर्य नमस्कार अभियान के तहत योगा करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने किया सूर्य नमस्कार

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के नेत्रत्व में आज पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार की सही विधि, इसके विभिन्न चरणों तथा इससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने कहा कि योग एवं सूर्य नमस्कार जैसी प्राचीन भारतीय पद्धतियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करने में सहायक सिद्ध होती हैं। उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, रक्त संचार बेहतर होता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी तक हरियाणा योग व आयुष विभाग के योग शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार अभियान के तहत पुलिस विभाग की ओर से भी निरंतर रूप से सूर्य नमस्कार करवाया जाएगा।


पानीपत। सूर्य नमस्कार के दौरान जवानों को संबोधित करते डीएसपी सतीश वत्स।

---

### मेयर कोमल सैनी ने छात्राओं के साथ मनाया युवा दिवस

## सशक्त युवा ही विकसित भारत का आधार : कोमल

*प्राचार्या बबीता ने पुष्पगुच्छ देकर मेयर का स्वागत किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रशिक्षित युवा विशेष रूप से महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ये शब्द नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिला में छात्राओं से संवाद करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संस्थान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर महिला सशक्तिकरण में विशेष भूमिका निभा रहे है। मेयर कोमल सैनी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से संवाद कर सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं संस्थान में पहुंचने पर प्राचार्या बबीता ने पुष्पगुच्छ देकर मेयर का स्वागत किया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणापुंज हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश का युवा इसी आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत का मजबूत आधार स्तंभ बन रहा है। सशक्त युवा ही विकसित भारत का आधार है।


पानीपत। महिला कौशल प्रशिक्षण संस्थान में निरीक्षण करते हुए मेयर कोमल सैनी।


पानीपत। शिविर में मरीजों के दांतों की जांच करती डा.मोना मल्होत्रा ।

### आर्य समाज मंदिर में दंत जांच शिविर का आयोजन

**पानीपत।** आर्य समाज मन्दिर मॉडल टाऊन में डा.मल्होत्रा मल्टीस्पेशलिटी डेन्टल क्लीनिक की डा.मोना मल्होत्रा व उनकी टीम द्वारा नारी कल्याण समिति के तत्वावधान में दांतों का निःशुल्क जांच कैंप लगाया गया। बता दें कि डॉ.मोना मल्होत्रा अपने स्व. पति डॉ. प्रशांत मल्होत्रा जी की याद में हर वर्ष दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन करती हैं। इस बार उनकी आठवीं पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में आज यह कैंप लगाया गया। जहाँ सभी उपस्थित मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। नारी कल्याण समिति द्वारा किए गए इस प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से समिति की प्रधान कंचन सागर, सचिव ज्योतिका सक्सेना, प्रोजेक्ट चेयरमैन कंवल सोई,चेयरमैन ज्योति रहेजा ने मुख्य भूमिका निभाई। समिति की प्रधान कंचन सागर ने कहा कि शरीर के अन्य अंगों के साथ दांत भी हमारे शरीर में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इसलिए इनकी देखभाल आवश्यक है। वहीं नारी कल्याण समिति की ओर से प्रधान कंचन सागर ने डॉ.मोना मल्होत्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योतिका सक्सेना, ज्योत्स्ना गर्ग, कंवल सोई, ज्योति रहेजा, सुमन शिंगला, रमेश बुद्धिराजा, शोभा गोयल, सुनीता गुलाटी आदि शामिल रही।

**न्यायालय तहसीलदार कम सब-रजिस्ट्रार पानीपत। अमित गुलाटी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राम जी दास पुत्र श्री हरि चन्द निवासी मकान नम्बर 8/7, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अमित गुलाटी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राम जी दास पुत्र श्री हरि चन्द निवासी मकान नम्बर 8/7, अमर भवन चौक, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राम जी दास पुत्र श्री हरि चन्द की मृत्यु दिनांक 18/01/2016 को हो चुकी है व श्री अशोक कुमार की पत्नी श्रीमती प्रवीन रानी की मृत्यु दिनांक 22/02/2025 को ही चुकी है व श्री अशोक कुमार की माता श्रीमती संतोष रानी धर्मपत्नी श्री राम जी दास की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकि है। यह कि इनकी मृत्यु उपरान्त 3 जाईज वारिस हैं: 1. सुमित गुलाटी पुत्र 2. अमित गुलाटी, 3. रोहित गुलाटी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राम जी दास पुत्र श्री हरि चन्द है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक कमल अरोड़ा नगर निगम पार्षद, वार्ड नम्बर 10 पानीपत व सुभाष पटवारी हल्का पानीपत द्वारा दिनांक 12/01/2026 को अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है:-
1. सुमित गुलाटी पुत्र 2. अमित गुलाटी, 3. रोहित गुलाटी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राम जी दास पुत्र श्री हरि चन्द है।
इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो वो वह स्वयं/ अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12.6.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**

# फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड

*खेतों में आग की घटनाओं में अभूतपूर्व कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी रणनीति अपनाने के लिए मिला अवॉर्ड*



अंबाला। पुरस्कार के साथ कृषि अधिकारी।

**पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

फसल अवशेष प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण एवं परिणामोन्मुख कार्य के लिए कृषि विभाग अंबाला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जिले में खेतों में आग की घटनाओं में अभूतपूर्व कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी रणनीति अपनाने के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में विभाग द्वारा किए गए कार्यों, रणनीतियों एवं परिणामों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके पश्चात देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन एवं मतदान के माध्यम से अंतिम चयन किया गया।

तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत अपनाई गई योजनाबद्ध, डेटा आधारित एवं फील्ड स्तर पर सख्त निगरानी वाली कार्यप्रणाली के कारण जिले में खेतों में आग की घटनाओं में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2023 में जहां 195 फायर घटनाएं दर्ज हुई थीं वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 99 रह गई। उल्लेखनीय रूप से 2025 में पूरे जिले में केवल 8 फायर घटनाएं दर्ज की गईं। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक सफलता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि की दिशा में एक राष्ट्रीय उदाहरण भी है। यह पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में विभाग द्वारा किए गए कार्यों, रणनीतियों एवं परिणामों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया।

इसके पश्चात देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन एवं मतदान के माध्यम से अंतिम चयन किया गया। तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बीते दिनों नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर यह सम्मान डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. राजेश अग्रवाल, करण सिंह, परवीन जूड, दीनदयाल शर्मा तथा मंदीप सिंह द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि के पीछे कृषि विभाग की समर्पित टीम, फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समय-समय पर की गई समीक्षा, निरंतर फीडबैक प्रणाली, त्वरित निर्णय प्रक्रिया एवं प्रभावी मॉनिटरिंग ने फसल अवशेष प्रबंधन को एक सफल और अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया। पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉ जसविंदर सिंह ने इस सम्मान को जिले के समस्त किसानों को समर्पित किया।

### स्कॉच अवॉर्ड अंबाला की उपलब्धि : जसविंदर

डॉ. जसविंदर सिंह ने कहा कि यह सम्मान अंबाला जिले के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में और अधिक प्रतिबद्धता, नवाचार तथा समर्पण के साथ जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि जब प्रशासन, विभागीय टीमें और किसान मिलकर कार्य करते हैं, तो जमीनी स्तर पर स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। स्कॉच अवॉर्ड 2025 जिले की प्रशासनिक दक्षता, दूरदर्शी नेतृत्व और किसानों की सहभागिता का जीवंत प्रमाण है, जो आने वाले समय में अन्य जिलों एवं राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में कार्य करेगा।

## खबर संक्षेप



अंबाला। लोहड़ी मनाती महिला श्रद्धालु।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में मनाई लोहड़ी

**अंबाला।** अंबाला शहर क मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में लोहड़ी का पर्व* बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित भक्त जनों ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ उठाया। लोहड़ी के पर्व के उपलक्ष्य में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक *दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नैतिकता भारती ने संस्थान की ओर से सभी शहर निवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए गुरुदेव आशुतोष महाराज की प्रेरणाओं से ओतप्रोत प्रवचनों में कहा कि प्रत्येक त्योहार एवं पर्व अपने भीतर आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए हैं लेकिन आज हमें उस माध्यम की आवश्यकता है जिसके द्वारा हम इनके आध्यात्मिक मर्म को जान पाएं। जैसे घर के भीतर कोई व्यक्ति बैठा हो और बाहर जाना चाहता हो तो वह बाहर जाने के लिए एक द्वार की खोज करता है इसी प्रकार प्रत्येक मानव अपनी एक विचारधारा के दायरे में रहता है उससे बाहर वह तभी निकल पाता है जब उसे ब्रह्मनिष्ठ संत रूपी द्वार मिल जाता है।

### हेरोइन सहित व्यक्ति काबू, जांच जारी

**बराड़ा।** एंटी नारकोटिक्स सैल (एएनसी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 ग्राम 05 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषि पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराध नियंत्रण हेतु गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रिफायत खान उर्फ निशु पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है। वह अधोया चौक से हेरोइन लेकर पैदल गुजरने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएनसी टीम ने अधोया चौक के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में पैदल आ रहे एक संदिग्ध युवक को काबू किया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 24 ग्राम 05 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान रिफायत खान् के रूप में हुई। एएनसी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही।

## सीवरेज की अंडरग्राउंड लाइन डालते समय 40 रिहायशी भवनों में गंदे पानी की सप्लाई

# लोग बोले, बीसी बाजार को इंदौर न बनाएं, गंदे पानी से हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे बीसी बाजार के निवासियों ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रोष जताया। गुस्साए लोगों ने यहां तक कह दिया कि उनके क्षेत्र को इंदौर न बनाएं। कहीं ऐसा न हो कि बीमारी के कारण किसी की जनहानि हो जाए। यह सुनकर विभागीय अधिकारी भी हैरान-परेशान हो गए। उन्होंने स्थानीय लोगों की शिकायत सुनकर इस समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए, वहीं मौके पर पानी के अतिरिक्त टैंकर को भी मंगवाया गया ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। स्थानीय निवासियों ने बताया कि 15 दिन पहले उनके क्षेत्र में सीवर की भूमिगत पाइप लाइन डाली गई थी, इस दौरान लगभग 40 से अधिक घरों के पानी की पाइप लाइन टूट गई, जिसे लोगों ने अपने खर्च पर दुरुस्त करवाया, इसके बाद पानी के साथ गंदगी भी आने लगी और लोग बीमार हो गए। घर में रहने वाले छोटे बच्चे उलटी-दस्त से पीड़ित हो गए और उन्हें तुरंत उपचार उपलब्ध करवाया गया, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। यहां के रहने वाले राहुल ने बताया कि सीवर की गंदगी पानी के साथ घर में आ रही थी। बदबू व गंदगी से जीना मुहाल हो गया। पांच दिन तक लगातार विभाग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन झूठे आश्वासन के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहीं के विजय शर्मा ने बताया कि पीने के पानी में लगातार गंदगी आ रही है। बच्चे और परिजन बीमार हो रहे थे। जब टोल फ्री नंबर पर सीएम विंडो पर शिकायत देने की बात हीं तो विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। यहां के रहने वाले सन्नी व जंगी ने बताया कि जब से क्षेत्र में गंदा पानी आने लगा तो बच्चों व खुद की सुरक्षा के लिए पानी खरीद कर पीने लगे हैं।



अंबाला। खुले सीवरेज की रिपेयर का दृश्य।

### घरों में लोग हो रहे बीमार

गंदा पानी यहां पर पिछले 15 दिन से चल रहा है। बावजूद इसके घर के बुजुर्ग और बच्चे बीमार पड़ गए। जब डाक्टर को दिखाया तो वो बोले की गंदे पानी की वजह से यह समस्या है। गंदे पानी की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। अब तो धरना देने की नौबत आ गई थी। बिना पानी के घर के काम करने में काफी परेशानी हो रही थी। दूसरे क्षेत्र से पानी भरकर लाना पड़ रहा था। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ बलिंद्र ने बताया कि समस्या संज्ञान में आई थी। एक्सईएन के साथ मौके का मुआयना किया गया है। समस्या समाधान तक पानी के टैंकर का बंदोबस्त कर दिया गया है ताकि स्थानीय निवासियों की परेशानी कुछ कम हो सके।

### अंबा मार्केट में सीवरेज लीक दुकानदार बेहद परेशान

**शिकायत के बावजूद समस्या का नहीं हो रहा समाधान**

**अंबाला।** अंबाला शहर के बस स्टैंड से सटी अंबा मार्केट में नाला व सीवरेज लीक होने के कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही। यह गंदा पानी यहां बने जूतों के शोरूम और दुकानों के बाहर जमा हो गया है। यह स्थिति अब की नहीं है, बल्कि पिछले पांच वर्ष से ऐसी समस्या बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कई बार यहां के स्थानीय दुकानदारों की ओर से नगर निगम में अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, यही दुकानदारों की ओर से सीएम विंडो पर शिकायत भी की गई, इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। दुकानदार राजकुमार, हरजिंद्र सिंह, हरमीत सिंह, विक्की शर्मा ने बताया कि यहां करीब पांच वर्ष से सीवरेज पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है। मार्केट के पीछे ही नया बस स्टैंड बनाया गया है, पहले बस स्टैंड के पास से होते हुए गंदे पानी की निकासी होती थी, लेकिन बस स्टैंड का लेवल ऊंचा उठाया गया, इस वजह से नाले का पानी वापस मार्केट की तरफ ही मार कर रहा है। दूसरी तरफ अग्रसेन चौक के पास कार्यशाला की तरफ इस पानी की निकासी होती थी लेकिन पुल के नीचे नाला बंद होने से यहां निकासी नहीं हो रही है। दुकानदार सोमनाथ ने बताया कि इस समस्या को लेकर दो बार सीएम विंडों पर शिकायत की गई थी, इस शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

### दुकानों के आगे बना तालाब, गंदगी फैली

दुकानों के आगे बिना बारिश के ही तालाब बन गया है। सीवरेज के गंदे पानी से जलभराव होने पर यहां बदबू भरा माहौल बना हुआ है। ग्राहकों को भी इन शोरूम व दुकानों में जाने के लिए दूर जगह से होकर आना पड़ता है और दुकानों के अंदर भी सीवरेज के गंदे पानी के कारण बदबू फैल रही है। इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर भी ज्यादा जोर नहीं दिया जा रहा है, जिससे दुकानदार यहां नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हो रहे हैं।



अंबाला। योजना के शुभारंभ पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### दो वार्डों में विकास की बहेगी बयार

# 1.68 करोड़ रुपये की लागत से कई योजनाओं पर होगा काम

**पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के प्रयासों से पूरी विधानसभा का हो रहा है निरंतर विकास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में विकास की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की ब्यार बह रही है।

हर रोज़ करोड़ों रुपये की लागत से नए विकास कार्य शुरू हो रहे हैं, जिससे आम जनता को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

इसी कड़ी में अंबाला शहर के दो वार्डों में करीब 1 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों में सड़कों, गलियों और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा और निगम सदस्य अर्चना छिब्बर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला शहर विकास के पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में शहर को और भी कई बड़ी सौगातें मिलने वाली हैं।

**ये रहे मौजूद**

विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर भाजपा दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष अमन सूद, महामंत्री संजीव गोयल टोनी, निगम सदस्य हितेश जैन,अर्चना छिब्बर,भाजपा नेता अनिल गुप्ता,चंद्रमोहन फौजी, गुरप्रीत कौर,राजबीर सिंह,नीरज व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों की उपस्थिति रही।

## कार्यक्रम में युवाओं ने स्वदेशी संकल्प दौड़ लगाई

**स्वामी विवेकानंद के विचारों तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई भारांपुर में प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच जिला के सदस्य डॉ ऋषि धीमान व स्वदेशी जागरण मंच शहजादपुर खंड के सदस्य मुकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व, स्वामी विवेकानंद के विचारों तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के तहत स्वदेशी संकल्प दौड़ निकाली गई। कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने युवाओं को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। सभी प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को मेरा युवा भारत जिला के सदस्यों द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

### राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं युवा



**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विमर्श के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. देश राज बाजवा ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, स्वदेशी भावना एवं आत्मनिर्भर भारत के मूल्यों पर आधारित शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अतुल यादव ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला।

### छात्रों ने स्वदेशी मूल्यों को अपनाने की शपथ ली

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में रेड रिबन सेल, एनसीसी (सीनियर विंग व सीनियर डिवीजन) तथा एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने स्वदेशी मूल्यों, आत्मनिर्भर भारत, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "स्वदेशी हमारी संस्कृति की पहचान है, इसे अपनाकर ही भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है।

## मिस फ्रेशर का खिताब इवेंजलिन को मिला

**रनर-अप का सम्मान मिस रोज़ी को मिला मिस कॉन्फिडेंट का खिताब महिमा को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पार्टी में सम्मानित नर्सिंग की छात्राएं।

फिलाडेल्फिया अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में प्रथम वर्ष के नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए एक यादगार, भावनात्मक और प्रेरणादायी फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम का स्नेहपूर्ण आयोजन द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें नर्सिंग के 102वें बैच का पूरे उत्साह, अपनत्व और गरिमा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या एवलिन मलिक द्वारा की गई प्रार्थना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद शुरू हुआ उत्सवों और प्रतिभा का अद्भुत सिलसिला नर्सिंग विद्यार्थियों की आकर्षक कैटवॉक, मनमोहक नृत्य, मधुर गायन, मनोरंजक खेल और जीवंत प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों और मुस्कानों से भर दिया। स्कूल ऑफ नर्सिंग के संकाय सदस्यों तथा प्रशासनिक कार्यालय की ओर से दी गई सरप्राइज प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया और इसे दर्शकों से विशेष सराहना मिली। जैसे ही "ज़िंदगी एक सफ़र है सुहाना" गीत की धुन बजी, पूरा सभागार झूम उठा और विद्यार्थियों व स्टाफ ने मिलकर इस पल को अविस्मरणीय बना दिया।

### कार में आग लगाने की घटना अभी तक नहीं सुलझी

**अंबाला।** बलदेव नगर थाने में व्यक्ति द्वारा मारुति 800 कार खड़ी करके आग लगाने के मामले की गुत्थी 48 घंटे बाद भी अनसुलझी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि कार के असल मालिक की डेढ़ साल पहले ही मौत हो चुकी है। एएसपी उत्तम ने बताया कि गाड़ी के नंबर के आधार पर दिल्ली के असल मालिक तक पहुंचे थे लेकिन पता चला है कि डेढ़ साल पहले की उनकी मौत हो चुकी है। उनके परिजनों ने बताया है कि उन्हें गाड़ी ट्रांसफर होने की जानकारी नहीं थी व आगे कहां बेची गई है ये भी जानकारी नहीं है। थाने में गाड़ी में आग लगने के बाद जब बॉम्ब स्क्वायड टीम पहुंची तो जांच शुरू की। जिसमें गाड़ी में सिलेंडर पाए गए, फिलहाल इस मामले में हर पहलू से जांच की जा रही है। ये था मामला अंबाला के बलदेव नगर थाने में 10 जनवरी को एक व्यक्ति ने मारुति 800 कार नंबर डीएल 3सीजेड6681 खड़ी करके उसमें आग लगा दी थी। इसकी वीडियो बनाकर कई जगह भेज दी थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## विश्व जागृति मिशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व मनाया

# 'आना है तो आ राह में कुछ फेर नहीं है, भगवान के घर देर है अंधेर नहीं है'...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद गायक व आयोजक।

विश्व जागृति मिशन अंबाला मंडल एवं मधुरम म्यूजिक एंड आर्टिस्ट हॉनर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुरानी घास मंडी के नजदीक अमृत भवन में सांय संगीतमयी लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गुदगुदी जंक्शन समूह के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ मुख्यातिथि रहे। गुदगुदी जंक्शन के गायकों और कलाकारों ने लोहड़ी के परम्परागत लोक गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम संयोजक एवं अमृत भवन के संचालक अनिल नैय्यर,मधुरम संस्था के संस्थापक पवन कुमार नंदा और सह संस्थापक हरिंदर शर्मा ने मुख्यातिथि सहित सभी गायकों और कलाकारों का स्वागत करके सम्मानित किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य वक्ता ललित चावला ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व की महत्ता बताई। मुख्यातिथि चंद्रमौलि गौड़ ने मधुरम म्यूजिक एण्ड आर्टिस्ट हॉनर फाउंडेशन को गुदगुदी जंक्शन समूह की सहयोगी संस्था के रूप में शामिल करने की घोषणा की।

### इन गीतों पर दी प्रस्तुति

मधुरम के संस्थापक पवन कुमार नंदा ने बताया कि यह संस्था गीत संगीत एवं कला के क्षेत्र में उभरते गायकों व कलाकारों को प्रोत्साहन देती है। कार्यक्रम में राजेश सभरवाल ने 'भगवान है कहां रे तू'.., अमीषा ने 'तोरा मन दर्पण कहलाए'.., इंद्र शर्मा ने ₹तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम'.., हरिंदर शर्मा ने 'ले के पूजा की थाली ज्योति मन की जगा ली'.., जितेंद्र नाथ शर्मा ने 'तेरे पूजन को भगवान बना मन मंदिर आलीशान'.., अनिल नैय्यर ने 'आना है तो आ राह में कुछ फेर नहीं है भगवान के घर देर है अंधेर नहीं है'.., अश्वनी शर्मा ने 'सुख के सब साथी दुख में न कोय'.., पवन कुमार नंदा ने 'तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली'... आदि भजनों के साथ कई मनोरंजक गीत सुनाए। वहीं,कामना एवं साथियों ने पंजाबी मनोरंजक सॉन्ग ₹ससे नूंह दी लड़ाई₹ और 'सुंदर मुंदरिये हो तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो'... की शानदार प्रस्तुति दी। मंच का संचालन विमल बत्रा ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। कार्यक्रम के पश्चात लोहड़ी मनाकर प्रीतिभोज दिया गया। इस अवसर पर गुदगुदी जंक्शन अम्बाला के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा,डॉ.संदीप भारद्वाज,अनिल वर्मा,सुनील कौशल,अनिता आहूजा,शशि गुप्ता,सुनीता बडोला, विशाखा और कीर्ति सहित बड़ी संख्या में दर्शक शामिल रहे।